समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026

# महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री अजित पवार विमान हादसे मे निधन

राजेश चौधरी

Published on 28 Jan 2026



राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

पुणे, 28 जनवरी (हि.स.)। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री **अजित पवार** का विमान बुधवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा पुणे जिले के **बारामती** में लैंडिंग के दौरान हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अजित पवार चुनावी रैली में शामिल होने के लिए मुंबई से बारामती जा रहे थे। इस हादसे में **अजित पवार समेत विमान मे संवार छह लोगों की मौत** हो गई, जिसकी पुष्टि **डीजीसीए** ने की है।

जानकारी के अनुसार, अजित पवार बुधवार सुबह मुंबई से बारामती के लिए रवाना हुए थे। तकनीकी खराबी के कारण इमरजेंसी लैंडिंग के समय सुबह नौ बजे यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही **फायर ब्रिगेड और पुलिस** तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत कार्य शुरू किया।

इस दुर्घटना के **वीडियो फुटेज** भी सामने आए हैं, जिनमें विमान में आग लगती हुई दिखाई दे रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही **अजित पवार की पत्नी और सांसद सुनेत्रा पवार** और उनकी बहन **सुप्रिया पवार** दिल्ली से पुणे के लिए रवाना हो गई हैं। वहीं, **राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता** भी पुणे के लिए प्रस्थान कर चुके हैं।

इस दुर्घटना से महाराष्ट्र और पूरे देश में शोक की लहर है। आगामी चुनावों और पार्टी के कार्यों पर इस हादसे के प्रभाव को लेकर भी राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.